


## एक नजर में

### केंद्रीय टूरिज्म मंत्री शेखावत ने रोहित घई को 'सेलिब्रिटी शेफ ऑफ द ईयर' अवार्ड से किया सम्मानित



**ग्वालियर, 20 दिसंबर।** ग्वालियर शहर के सपूत ने एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शहर का नाम रोशन किया है। विगत बीस वर्ष से लंदन में निवास कर यूरोप एवं पश्चिम एशिया में रेस्टोरेंट्स की विशाल चेन चला रहे ग्वालियर के रोहित घई को दिल्ली के पांच सितारा होटल जेडब्ल्यू मैरिएट्स में आयोजित भव्य समारोह में भारत सरकार के टूरिज्म मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने 'सेलिब्रिटी शेफ ऑफ द ईयर' के प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं देश विदेश के शीर्षस्थ शेफ उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय टूरिज्म मंत्री श्री शेखावत ने होटल इंडस्ट्री में विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन कर विशिष्ट उपलब्धियां दर्ज करने के लिए रोहित घई को शुभकामनाएं दीं। उक्त कार्यक्रम का आयोजन होटिलियर अवॉर्ड्स इंडिया संगठन ने किया था। गौरतलब है कि ग्वालियर की चाणक्यपुरी कॉलोनी निवासी रोहित घई इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान रखने वाला 'मिसलिन अवार्ड भी प्राप्त कर चुके हैं। ग्वालियर निवासी स्व. गुरुदत्त घई एवं मोहिनी घई के सुपुत्र रोहित घई विगत दो दशक से भी अधिक समय से लंदन में होटल इंडस्ट्री में कार्यरत हैं। वे लंदन शहर में ही अपने तीन रेस्टोरेंट कुटीर, मंथन एवं वातावरण के संचालन के अलावा मोरक्को के ओबेरॉय होटल एवं ओमान में भी रेस्टोरेंट संचालित कर रहे हैं। विदेश की धरती पर उनके ये सभी रेस्टोरेंट भारतीय खानपान शैली एवं देशज संस्कृति से लबरेज हैं। इसी सितंबर मास में उन्होंने बेंगलुरु के रिच काल्टन होटल में भव्य रेस्टोरेंट प्रारंभ किया है। विशेष बात यह कि रोहित ने ग्वालियर के आईएचएम संस्थान से ही होटल इंडस्ट्री की शिक्षा ग्रहण की है। वे बीआईएमआर के प्रशासनिक अधिकारी अरुण घई के अनुज हैं।

### कैलाश हॉस्पिटल में जोड़ एवं कूल्हे रोग परामर्श शिविर कल

**ग्वालियर, 20 दिसंबर।** शैल्बी कैलाश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कम्पू पर जोड़ रोग एवं कूल्हे रोग परामर्श शिविर का आयोजन सोमवार 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। जिन मरीजों के जोड़ों में दर्द, गठिया, उठने-बैठने में दर्द, घुटने कूल्हे में दर्द या चलने-फिरने या सीढ़ी चढ़ने में तकलीफ होती हो वह सभी मरीज इस शिविर में उपस्थित होकर शैल्बी हॉस्पीटल अहमदाबाद के जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं नी एण्ड हिप रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विकास सांवला द्वारा परीक्षण कराकर ले सकते है। विशेषज्ञ हर माह के पहले व तीसरे शनिवार को परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। मरीजों के लिए आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत भी इलाज उपलब्ध है।



### जेयू में शुरू होंगे पांच नए कोर्स, जबलपुर की तर्ज पर होगी नर्सिंग महाविद्यालयों की संबद्धता

**ग्वालियर, 20 दिसंबर।** जीवाजी विश्वविद्यालय में शनिवार को दोपहर 12 बजे से कार्यपरिषद की बैठक हुई। बैठक में कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने लॉ के 9 शासकीय और 11 अशासकीय कॉलेजों को संबद्धता देने का प्रस्ताव रखा। ईसी ने निरीक्षण समितियों की रिपोर्ट के साथ स्थायी समिति की अनुशंसा पर लॉ के सभी 20 कॉलेजों को संबद्धता दे दी। बैठक में सबसे पहले नवागत कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा का कार्यपरिषद सदस्यों ने स्वागत किया। इसके बाद आईटेड की तहत शिक्षा संस्थान शुरू करने का निर्णय लिया, जिसमें पांच नए कोर्स प्रारंभ होंगे। इसी तरह नर्सिंग महाविद्यालयों की संबद्धता के लिए आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के नियमों के आधार पर ही फीस लेने की सहमति बनी। स्पोर्ट्स शिक्षक और छात्रों के लिए ट्रैकसूट की राशि पहले से बढ़ाकर 1800 रुपए देने पर सहमति बनी। बैठक में कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा, कार्यपरिषद सदस्य डॉ. रवि अंबे, राकेश सहरिया, राजेन्द्र बांदिल, डॉ. नीलिमा सिंह चंदेल मौजूद रहीं। बैठक में प्राध्यापकों के प्रमोशन का लिफाफा भी खुला। इसमें सहायक प्राध्यापक डॉ. सुशील मंडेरिया, डॉ. सपन पटेल, डॉ. निमिषा जादौन, डॉ. राशंकर, डॉ. जीके शर्मा का सहायक प्राध्यापक से सह-प्राध्यापक पद पर प्रमोशन किया गया।

### मेले में दिखेगा बीएसएफ का हॉर्स एवं डॉग शो


**ग्वालियर, 20 दिसंबर।** माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में इस बार सीमा सुरक्षा बल द्वारा हार्स एवं डॉग शो की प्रस्तुति दी जाएंगी। मेला प्राधिकरण को बीएसएफ की ओर से कार्यक्रम के आयोजन की सहमति प्राप्त हो चुकी है। ग्वालियर व्यापार मेले में इस बार अनेकों प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें कवि सम्मेलन भी शामिल है। एक फरवरी को आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में विभिन्न रसों के ख्याति प्राप्त कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस बार मेले में श्री वेदव्रत वाजपेयी लखनऊ, जोनी बैरागी धार, डॉ. विष्णु सक्सैना हाथरस, डॉ. कीर्ति काले दिल्ली, दिनेश दिग्गज उज्जैन, गौरव चौहान इटावा, दिनेश देशी घी शाजापुर, अमित शुक्ला रीवा, डॉ. विनम्र सिंह प्रयागराज एवं डॉ. रामकिशोर उपाध्याय ग्वालियर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि ग्वालियर व्यापार मेला में दुकानों का आवंटन किया जा रहा है। अभी तक एमपी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से 2290 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है। संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वह 25 दिसंबर से पूर्व अपनी दुकानों को तैयार कर लें।



### अभी तक 950 अग्रबंधु परिवारों ने अपने घर से चुनरी साड़ी दी

**ग्वालियर 20 दिसंबर.** मां लक्ष्मी जी चुनरी शोभायात्रा का आमंत्रण देने दरवाजे पर दी दस्तक, ग्वालियर, अग्रवाल समाज द्वारा नववर्ष पर ग्वालियर में निकाली जा रही मां लक्ष्मी जी चुनरी शोभायात्रा के लिए आज ठाठीपुर चौराहे से बाराद्वारी तक आमंत्रण पत्र लेकर अग्रबनधुयो के दरवाजे पर पहुंच कर राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुकेश सिंघल, अनिल गर्ग, महेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, साधना गोयल, ज्योति बंसल ने दस्तक दी, ओर शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह रमेश चंद्र बंसल, निक्की गोयल,रामकुमार मित्तल, सुभाष अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल,शिवकुमार मित्तल, श्रीमती सविता गर्ग, कृतिका गोयल जतन गोयल,नेहा अग्रवाल, के परिवारों से किया सुनीता अग्रवाल,ममता अग्रवाल,से किया, राजेश ऐरन ने बताया कि मां लक्ष्मी जी की चुनरी शोभायात्रा आठवीं बार पुनः 1 जनवरी को निकाली जा रही है, 5100 फुट लम्बी चुनरी शोभायात्रा में अभी तक 950 अग्रवैशय परिवारों से चुनरी एकत्रित की जा चुकी है और सभी को जोड़कर इसको 5100 फुट लम्बी बनाया जायेगा,इसके लिए लगातार कार्यकर्ता हर रोज अलग अलग बाजारो में रह रहे अग्रबनधुयो के घर जाएंगे, रविवार21 दिसम्बर को हरिशंकर पुरम लश्कर में अग्रबन्धुओं के परिवारों के घरो पर जाकर सम्पर्क किया जायेगा,ओर 22 दिसम्बर को सोमवार को सभी अग्रबनधुयो की मिटीग कार्यालय शिन्दे की छावनी पर होगी





# रात होते ही शहर को कोहरे ने जकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 20 दिसंबर.** उत्तर-पश्चिमी सर्द हवाओं के सक्रिय होने और सुबह-सुबह छाए कोहरे के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट लगातार दर्ज की जा रही है। इससे सुबह से शाम तक ठिठुरन बढ़ गई रात होते ही धीरे धीरे शहर में कोहरे का जाल बिछ जाता है । कोहरे का असर ट्रेनों पर भी देखने को मिल रहा है भोपाल और दिल्ली की ओर से आने वाली अधिकांश ट्रेनें अपने - निर्धारित समय पर ना आकर - काफी बिलंब से आई जिससे कड़ाके की सर्दी में लोगों को ट्रेनों

**सुबह से शाम तक चली शीत लहर**

का लंबा इंतजार करना पड़ा। अहम बात यह है कि रेलवे द्वारा लाख कोशिश के बाद भी ट्रेनों कीर लेटलतीफी का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा और यात्रियों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठंड बढ़ने और दृश्यता कम होने के कारण दिल्ली से आने वाली आधा दर्जन ट्रेन 20 मिनट से डेढ़ घंटा देरी से ग्वालियर पहुंच रही हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार क्रिसमस से नए साल के बीच मौसम में तेजी से बदलाव देखने

को मिल सकता है। इस दौरान ठंड, कोहरा और मावठे तीनों का असर एक साथ दिखाई दे सकता है। बीते कुछ वर्षों में भी इसी अवधि के दौरान मौसम का पैटर्न कुछ ऐसा ही रहा है। ग्वालियर चंबल अंचल मे कोहरा अब नजर आने लगा है। गुरुवार की रात से कोहरा ने अपना असर दिखा रहा है। आज शनिवार रात को भी शहर में घना कोहरा छाया रहा यही कारण है कि वाहनों की रफ्तार थम सी गई है। हाइवे पर दृश्यता बहुत कम होने पर वाहन 40 से 50 की स्पीड पर चलते हुए नजर आए हैं। इसके अलावा दिल्ली से आने वाली आधा दर्जन ट्रेनें देरी से चल रही हैं.

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा में चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में दक्षिण-पश्चिम ईरान एवं निकटवर्ती क्षेत्र में सक्रिय है। वहीं एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो चुका है। आज 20 दिसंबर के आसपास यह गुजरेगा, जिसके बाद पहाड़ों में बर्फबारी होगी। इससे 22 दिसंबर से तापमान में और गिरावट आएगी। अगले दो दिन तक दिन के तापमान में और गिरावट आएगी।

### विश्व ध्यान दिवस आज दो लाख लोग करेंगे ध्यान

**ग्वालियर, 20 दिसंबर।** विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर को ग्वालियर में हार्टफुलनेस के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एक साथ दो लाख लोग ध्यान करेंगे। वहीं विश्वभर में आयोजित होने वाले आयोजनों में एक साथ करोड़ों लोगों के ध्यान करने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य एक विश्व, एक हृदय की अवधारण और मानसिक शांति, करुणा, सामूहिक चेतना और मानव एकता को सशक्त करना है। यह वैश्विक ध्यान कार्यक्रम हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक एवं रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष के विश्व मार्गदर्शन में होगा। हार्टफुलनेस के वैश्विक मुख्यालय एवं विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र कान्हा शांति वन (तेलंगाना) से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति, तेलंगाना के राज्यपाल एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। आयोजन स्थल पर हजारों प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से तथा विश्व भर में करोड़ों लोग तथा ग्वालियर में दो लाख से अधिक लोग वर्चुअल माध्यम से ध्यान करेंगे।

### नाबालिग बालिका से फूफा ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर, 20 दिसंबर।** फूफा द्वारा 13 वर्षीय बालिका को डरा-धमकाकर करीब पांच माह तक उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना गोला का मंदिर इलाके की है। जिसमें थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए महज तीन घंटे के भीतर उसे धर दबोचा। गोला का मंदिर स्थित बगिया में परिवार के साथ किराए से रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी के फूफा विशाल वाल्मीक भी घर के पास ही निवास करते हैं। जिनका अक्सर उसके घर पर आना-जाना था। इसी बीच एक दिन अकेला पाकर उन्होंने किशोरी को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। इसके बाद जब भी उन्हें मौका मिलता वह उसके साथ संबंध बनाने लगे। आरोपी द्वारा दी गई धमकी से घबराकर किशोरी ने किसी को इस बारे में नहीं बताया, जिससे उसकी हिम्मत बढ़ गई। उसकी हरकतों से तंग आकर बीते रोज किशोरी ने अपने परिजनों को पूरी बात बता दी।


## आठ वर्षों बाद सेंट पॉल्स स्कूल के वार्षिक उत्सव में उत्साह, संस्कृति और प्रतिभा का भव्य संगम

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 20 दिसंबर.** पड़ाव स्थित सेंट पॉल्स ई.एल. हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव आठ वर्षों के अंतराल के बाद अत्यंत उल्लास, उमंग और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। लंबे समय से प्रतीक्षित इस आयोजन ने विद्यालय परिसर को उत्सव स्थल में परिवर्तित कर दिया, जहाँ बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों का समर्पण और अभिभावकों की सहभागिता एक साथ देखने को मिली।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा कार्यालय अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, पंजाब नेशनल बैंक के लेखा अधिकारी अशोक गुप्ता, विद्यालय के चेयरमैन फॉदर अनिल मार्टिन, चर्च की पास्टर इनचार्ज ईशा स्मिथ, चर्च के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पालकगण शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की





सराहना करते हुए विद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक योगदान की प्रशंसा की।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नृत्य, संगीत, नाट्य एवं समूह प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ मंच संभालते हुए अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना का शानदार परिचय दिया। कार्यक्रम के प्रत्येक क्षण में तालियों की गूंज बच्चों के उत्साह को और बढ़ाती रही। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य अंशु शर्मा, लता महेंद्रा, अंजली जैन, सोनिया गुप्ता, जागृति श्रीवास्तव, प्रगति माठे, मनीषा मोहते, नेहा पोताडे, रिंकी सक्सेना, गीताली खंडेलवाल, नेहा शुक्ला, गजेंद्र दुबे, अजिंक्य पागे विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्टाफ सदस्यों में मंगल शुक्ला, चंद्रशेखर टेमक, अभय मोटकर सहित अन्य सदस्यों का आयोजन को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अंशु शर्मा एवं पास्टर इनचार्ज ईशा स्मिथ ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आठ वर्षों बाद आयोजित यह वार्षिक उत्सव न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन रहा, बल्कि विद्यालय की जीवंत परंपराओं और उज्ज्वल भविष्य का सशक्त संदेश भी बनकर उभरा।







